कार्यालय सम्पति एवं अनुरक्षण विभाग, उ0प्र0 पं0 दीन दयाल उपाध्याय पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविधालय एवं गो–अनुसंधान संस्थान, मथुरा।

दिनांक 15–02–2021

पत्रांक सं0 1163 /निविदा/2020–21

निविदा सूचना

विश्वविद्यालय में मैडीकल स्टोर संचालन, कैन्टीन संचालन तथा विश्वविद्यालय के चिन्हित स्थानों से प्रति सप्ताह कूढ़ा उठवाये जाने हेतु आयकर/विक्रय कर (जी0एस0टी0) पंजीकृत तथा कार्य का अनुभव रखने वाली फर्मो से मुहरबन्द निविदायें दिनांक 07–03–2021 को अपरान्ह 2.30 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं, जो कि दो भागों में टेक्नीकल एवं वित्तीय विड्स के रुप में अलग–अलग प्रपत्रों में भरकर डालनी होगी तथा टेक्नीकल विड्स के साथ धरोहर धनराशि आयकर/विक्रय कर (जी0एस0टी0) पंजीकरण एवं अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा। संलग्न किये जाने वाले प्रमाण पत्रों को ठेकेदार द्वारा हस्ताक्षरित होना अनिवार्य है। निविदा उसी दिन दिनांक 07–03–2021 को अपरान्ह 3:00 बजे गठित समिति की उपस्थिति में उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेंगी। निविदा के साथ धरोहर धनराशि बैंक ड्राप्ट/एफ0डी0आर के रुप में वित्त अधिकारी के नाम बंधक कर संलग्न होना आवश्यक है। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में निविदा की तिथि से एक दिन पूर्व तक सम्पत्ति एवं अनुरक्षण कार्यालय से प्रपत्र का मूल्य जमा करके प्राप्त किया जा सकता है। निविदा प्रपत्र का मूल्य बिक्री किये जाने के बाद किसी भी दशा में वापिस नहीं किया जायेगा।

निविदा के किसी भी भाग को स्वीकारने अथवा सम्पूर्ण निविदा को निरस्त करने का अधिकार बिना कोई कारण बतायें विश्वविद्यालय के सक्षम अधिकारी में निहित है।

कम सं0	कार्य का विवरण	निविदा प्रपत्र का मूल्य	धरोहर धनराशि
1.	विश्वविद्यालय के चयनित स्थानों से सप्ताह में 02 बार प्रति सप्ताहिक दरों पर कूढ़ा उठवाने का कार्य	रु0 500/–	रु0 25,000/–
2.	विश्वविद्यालय में मैडीकल स्टोर संचालन का कार्य	रु0 500/–	रु0 1,00,000/–
3.	विश्वविद्यालय में कैन्टीन संचालन का कार्य	रु0 500/–	रु0 30,000/–

सम्पत्ति अधिकारी

पत्रांक एवं दिनांकः–उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपिः निम्नाकिंत को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– वित्त अधिकारी दुवासू मथुरा।
2– भण्डार क्रय अधिकारी, दुवासू मथुरा।
3– निदेशक टी.वी.सी.सी., दुवासू मथुरा।
4– अधिष्ठाता छात्र कल्याण, दुवासू मथुरा।
5–प्रभारी एरिस सैल को इस आशय के साथ कि उक्त निविदा को विश्वविद्यालय की वेवसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
6– निजी सचिव को मा0 कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ प्रेषित।
7–नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु।
8–सम्बन्धित पत्रावली।

सम्पत्ति अधिकारी